हिन्दुस्तान (Hindustan)

दिनाँक (Dated): 15/08/2023	पृष्ठ सं० (Page No). 04	क्रम सं०(Serial No.) 3

सीआईएसएफ के 34 जवानों को पदक मिले

सम्मान

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सीआईएसएफ के 34 अधिकारियों और जवानों को पदक से सम्मानित किया गया।

सीआईएसएफ के उप महानिरीक्षक अजय कुमार और निरीक्षक बेन्नी वर्गीस को विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। सराहनीय सेवा के लिए 24 पुलिस पदक, जबकि अग्निशमन सेवा के लिए 8 पदक दिए गए हैं।

सीआईएसएफ में सराहनीय सेवाओं के लिए सहायक कमांडेंट अरबिन्दा चक्रबर्ती, वरिन्दर कुमार भाटिया, कश्मीर सिंह और दीन बंधु प्रधान को सम्मान मिला। निरीक्षक/कार्य सत्यवान और नवजीत गुप्ता, उप निरीक्षक/कार्य जितेन्द्र सिंह, सहायक उप निरीक्षक/कार्य मुकेश कुमार, केसी चंद्रन, चन्द्र पाल दुबे, हरधन-दत्ता, लोहित चन्द्र नर्जरी, देबनन्दा सामल, खुटामचा सिंह हाउबिजम, जे. वेनु रेड्डी, जितेन्द्र सिंह, मेघनंदा माझी, सी जगदीश, बी सत्य नारायण, चिंतामणी सतपथी और आई रुजेल राज व प्रधान आरक्षक, टीएम राजेन्द्र ठाकुर, सहाबुद्दीन अंसारी और सुदर्शन कुमार को सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक मिला है। विशिष्ट सेवा के लिए उप कमांडेंट/फायर सब्बेला वेंकटा रेड्डी और देवेन्द्र सिंह, सहायक उप निरीक्षक/फायर देवेन्द्र सिंह और सुरेन्द्र सिंह को राष्ट्रपति का अग्निशमन सेवा पदक मिला है।

इसके अलावा सराहनीय सेवा के लिए उप निरीक्षक/फायर अनिल कुमार एस, सहायक उप निरीक्षक/फायर नरेन्द्र जी धवास, प्रधान आरक्षक/फायर आरके दीक्षित और वी रामानाथन को अग्निशमन सेवा पदक मिला है।